खबर संक्षेप



### खिरहनी क्रिकेट ट्राफी सिलौंडी बनी विजेता

**सिलौंडी।** खिरहनी क्रिकेट ट्राफी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला खिरहनी और सिलौंडी के बीच हुआ जिसमें सिलौंडी की टीम बनी विजेता सिलौंडी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 205 रनों का लक्ष्य रखा था। जिसमें सिलौंडी संतोष काछी ने 51 रन राजन शर्मा ने 31 रन ,श्रवण अवस्थी ने 44 रन बनाये । जवाबी पारी खेलते हुए खिरहनी की टीम 168 रन बना सकी । जिसमें शिवम राय 36 रन बनाए ।मैन ऑफ द मैच राजन शर्मा तीन विकेट 31 रन मैन ऑफ द सीरीज नरेंद्र पटेल रहे । समापन कार्यक्रम में सिहोरा विधायक संतोष वरखडे ने विजेता टीम को 14000 नगद और शील्ड देकर सम्मानित किया है । उप विजेता और मैन ऑफ दा मैच वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया ।

### कोयला प्लाट में खड़ा ट्रक हुआ गायब

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चनेहटी में मौजूद कोयला प्लांट में खड़े ट्रक को अज्ञात चोर लेकर कहां चंपत हो गए इस बात का सुराग लगाने में पुलिस जुटी हुई है। फरियादी का कहना है कि ट्रक कोयला प्लांट में खड़ा था। कुछ देर के अंदर ही जाने कहां गायब हो गया कोई खबर नहीं। जानकारी के मुताबिक मंगल नगर निवासी किशोर उर्फ रवि श्रीवास्तव पिता स्वर्गीय भुवनेश्वर नाथ श्रीवास्तव का कोयला प्लांट कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम चनेहटी में स्थित है। 12 जनवरी की रात लगभग 8 बजे हाईवा ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 1739 कोयला प्लांट में खड़ा था। रात लगभग 8:00 बजे अज्ञात चोर ट्रक को लेकर रफू चक्कर हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज कर ट्रक की तलाश प्रारंभ कर दी है।

### सोने का सिक्का सहित नकदी ले गए चोर

**कटनी।** माधव नगर के एसीसी कॉलोनी निवासी एक डॉक्टर परिवार शहर से बाहर गए हुए थे। जब वे घर वापस लौटे तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। डॉक्टर के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने वहां से सोने का सिक्का सहित नगदी पार कर दी है। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस के मुताबिक माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसीसी कॉलोनी निवासी 69 वर्षीय डॉक्टर जीसी मोटवानी पिता टीएस मोटवानी 29 दिसंबर 2023 को परिवार सहित शहर से बाहर गए हुए थे। विगत 8 जनवरी की सुबह लगभग 7 बजे जब वे घर वापस लौटे तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। पुलिस का कहना है कि अज्ञात चोरों ने डॉक्टर के सुने मकान का ताला तोड़कर सोने का सिक्का सहित नगद रुपए लगभग 60 हजार का सामान पार कर दिया है। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

**ढीमरखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। प्राचार्य आरती धुर्वे ने बताया कि इस मौके पर योगा, सूर्य नमस्कार और अन्य योगाभ्यास कराया गया।पीएम नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला।इसके साथ ही रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा विशाखा ठाकुर प्रथम,शिवानी चौरसिया द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी यादव तृतीय स्थान पर रही।

---

स्लीमनाबाद में प्रवर्तन निदेशालय भोपाल की टीम ने गोपनीय तरीके से की कार्यवाही

# कुख्यात अपराधी के घर ईडी की टीम ने की छापामार कार्यवाही

## भोपाल में शराब का लिया ठेका, रूपयों के लेन देन में गड़बड़ी करने पार्टनर ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद क्षेत्र के कुख्यात अपराधी बल्लन तिवारी के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी की भोपाल से आई टीम द्वारा गत रात छापामार कार्यवाही की गई। ईडी के अधिकारियों द्वारा उसके घर एवं अन्य ठिकानों पर दबिश देते हुए दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जा रही है। बल्लन तिवारी पिछले दिनों जुआ फड़ में पुलिस की रेड के बाद से ही फरार चल रहा था।

सूत्रों से यह पता चला है कि बल्लन तिवारी भोपाल में शराब का बड़ा ठेका चलाता है और यहां ठेका लेने एवं रूपयों के लेनदेन में आर्थिक अपराध एवं गड़बड़ी की शिकायतों के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी भोपाल की टीम द्वारा रेड मारी गई है। बताया जाता है कि स्लीमनाबाद के साथ ही भोपाल स्थित ठिकानों पर भी जांच पड़ताल चल रही है। सूत्रों ने यह भी बताया कि शराब ठेके के पार्टनर द्वारा ही प्रवर्तन निदेशालय ईडी भोपाल में बल्लन की शिकायत की गई है। सूत्रों ने बताया कि इस पूरे मामले के तार दिल्ली में शराब ठेके से भी जुड़े हुए हैं। इस पूरी कार्यवाही को इतना गोपनीय रखा गया था कि जिले की पुलिस और अधिकारियों को भी इसकी खबर नहीं लगी।



जांच पड़ताल में ईडी को अहम दस्तावेज मिलने की भी जानकारी सामने आई है। गौरतलब है कि स्लीमनाबाद क्षेत्र के बंधी निवासी बल्लन तिवारी पर कई संगीन मामले दर्ज है। पिछले दिनों जबलपुर से आई पुलिस ने भी इसके घर पर छापा मारकर एक बड़े जुआ फड़ का भंडाफोड़ किया था। जबलपुर पुलिस की रेड की खबर मिलते ही बल्लन तिवारी मौके से फरार हो गया था। पुलिस को उसकी सरगर्मी से तलाश है।

सूत्रों ने बताया कि जुआ फड़ के साथ ही वह शराब के धंधे से भी जुड़ गया और कुछ लोगों के साथ मिलकर भोपाल में शराब का ठेका ले लिया।

इस ठेके में रूपयों के लेनदेन को लेकर गड़बडिय़ों की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय ईडी तक पहुंची, जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से बल्लन के स्लीमनाबाद स्थित ठिकानों पर दबिश दी गई। आर्थिक अपराध से जुड़े इस मामले के तार दिल्ली से भी जुड़े होने की खबर है।

---



# 66 हजार की अवैध महुआ लाहन एवं मदिरा हुई जब्त

## आबकारी अमले ने की कार्यवाही, 7 प्रकरण किये गए पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत दबिश की कार्यवाही अनवरत जारी है।

जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल ने जानकारी देते हुए बताया की आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम सिहुंडी, डुगरिया, कोंडिया, में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के ठिकानों पर दबिश दबिश दी गई। इस दौरान आबकारी की टीम ए द्वारा कुल 615 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 29 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। जप्त की किए गए लाहन एवं मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 66 हजार रूपये है। इस दौरान मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान 07 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के पंजीबद्ध किये गये।

उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक के के पटेल, एस डी सिंह, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक रामसिंह की सहभागिता रही।आबकारी अधिकारी बघेल ने बताया की जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

---

न्यायालय ने सुनाया फैसला, 7 हजार रूपए का अर्थदंड

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा थाना विजयराघवगढ के बलात्संग के जघन्य एवं सनसनी खेज चिन्हित प्रकरण में आरोपी यासीन उर्फ लल्लाज खान को धारा 363, 366,376(3) भादवि एवं 3/4(2) पॉक्सो् एक्ट में दोषसिद्ध पाया जाकर आरोपी यासीन उर्फ लल्ला खान को पॉक्सो एक्ट की धारा3 सहपठित धारा 4(2) में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- रूपये के अर्थदण्ड से एवं भादवि की धारा 363 एवं 366 के लिये 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/-1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/ अतिरिक्त- जिला अभियोजन अधिकारी रामनरेश गिरि एवं विशेष लोक अभियोजक/ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा की गई।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि अभियोक्त्री लगभग 15 वर्ष 6 माह दिनांक 21.05.2022 को शाम करीब 07:00 बजे अजान के समय अपने घर के सामने अकेले सीढी पर बैठी हुई थी, उसी समय आरोपी यासीन उर्फ लल्ला खान अभियोक्त्री के पास आया और उससे कुछ काम है कहकर अपने पास आने के लिए कहा और अभियोक्त्रीस को जबरदस्ती उसका मुंह दबाकर अपने घर के अंदर कमरे में ले गया और अभियोक्त्री के साथ बलात्संग कारित किया। अभियोक्त्री आरोपी से डर गई थी और जब वह कमरे से बाहर निकल रही थी, तो उसकी बहन ने देख लिया और मां को बताया और अभियोक्त्री की मां द्वारा पूछने पर अभियोक्त्री ने उन्हें घटना के बारे में बताया। अभियोक्त्री की मां ने आरोपी के घर जाकर पूछा तो अभियोक्त्री की मां से लडाई करने लगा और अभियोक्त्री और उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी, तब अभियोक्त्री ने अपनी मां, पिता एवं नाना के साथ जाकर थाना विजयराघवगढ में रिपोर्ट की। थाना विजयराघवगढ के अपराध क्र. 264/2022 में धारा 363, 366, 376, 506 भादवि एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की एवं प्रकरण को विवेचना में लिया गया।

विवेचना में आरोपी के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाये जाने पर उसको गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विचारण उपरांत अनन्यं विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्टा द्वारा अभियोजन के गवाहों एवं दस्तोवेज को विश्वसनीय पाते हुये आरोपीगण के ऊपर आरोप साबित पाते हुये पॉक्सो एक्ट की धारा 3 सहपठित धारा 4(2) में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- रूपये के अर्थदण्ड् से एवं भादवि की धारा 363 एवं 366 के लिये 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/-1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित कर 7000 रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया गया।

---

## विद्यार्थियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां




सिलौंडी शासकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। क्रीड़ा अधिकारी चंदन यादव और योग प्रशिक्षक हेमंत चौरसिया ने महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कराकर इससे होने वाले लाभों से अवगत कराया। इसके पश्चात डॉ. रविता सिंह ने विवेकानंद द्वारा अमेरिका में दिए गए भाषण शिकागो व्याख्यान पर प्रकाश डाला। डॉ. नीता मिश्रा ने एड्स नियंत्रण को लेकर व्यख्यान दिया। रक्तदान, एड्स से जुड़ी जानकारी देकर बचाव के तरीके, टेस्ट व अन्य जानकारियां दी। साथ ही नासिक (महाराष्ट्र)में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण लैपटॉप के माध्यम से महाविद्यालय के स्टाफ और छात्र - छात्राओं को दिखाया गया।इस दौरान प्राचार्य रतिराम अहिरवार,डॉ लक्ष्मी प्रसाद बागरी,डॉ.अंकुर ओमर,रश्मि सिंह,भूपेंद्र शुक्ला,नवीन कलबंधे के अलावा छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

# गैवीधाम में विष्णु महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर स्थित रामपुर ग्राम के पास गैवी धाम में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जो की 8 जनवरी से 14 जनवरी तक का आयोजन किया जाना है जिसमें दूर-दूर से भक्तगणों का दर्शन हेतु विशाल भीड यज्ञ में पहुंच रही है और गैवी नाथ स्वामी के धाम में अनेकों देवी देवताओं के मंदिर स्थित है और राजा महाराजाओं के पुराने के महल खंडहर स्थिति पर गाढी पर स्थित है जो भक्तों को आकर्षण का केंद्र बना हुआ है वहीं पर स्थित स्वामी महावीर का विशाल मंदिर मैं स्वामी जी की मूर्ति स्थापित है धाम के ठीक पास से मोरी नदी शीतल जल झरने की तरह बह रहा है जिससे प्रगति की सुंदरता का वर्णन कर रहा है



श्री विष्णु महायज्ञ में क्षेत्र के प्रसिद्ध साधु संतों का भी आगमन हो रहा है जो की क्षेत्रवासीय एवं ग्राम वासियों को आशीर्वाद स्वरुप दर्शन लेकर पूर्ण लाभ अर्जित कर रहे हैं आज पवित्र भूमि पर पधारे लोढ़ा सिद्धां धाम के महंत सीता राम शरण जी महाराज दर्शन पाकर भक्तगण धन्य धन्य हो गए।

महाराज के द्वारा अपने मुखारविंद से आशीर्वचन हेतु जन समुदाय को यह उपदेश दिया कि कलयुग केवल नाम अधारा सुमर सुमर नर उत्तरही परा अर्थात इस कलयुग में मनुष्य को ताप समाधि की आवश्यकता नहीं है केवल थोड़ी सी पूजा पाठ और साधु संतों के दर्शन मात्र एवं भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी का नाम स्मरण करते रहना चाहिए और भगवान का ध्यान लगाते हुए पूजा पाठ करें और राम नाम का जाप करते हुए इस भवसागर को पार कर सकते

---

महापौर प्रीति सूरी की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में कई अहम कार्यों पर सर्वसम्मति से स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मेयर.इन.काउंसिल की आवश्यक आयोजित की गयी। बैठक में एमआईसी सदस्यों में सर्वश्री डॉ रमेश सोनी सुभाष साहू श्रीमती तुलसा बैन सुमन राजू माखीजा श्रीमती बीना बैनर्जी श्रीमति खुशबू अनिरूद्व सोनी अवकाश जायसवाल शशिकांत तिवारी जय नारायण निषाद निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल की उपस्थिति में कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में गाटर घाट मोहन घाट एवं मसुरहा घाट में नाले से उपचारित सीवेज एवं रिसाइक्लिन की व्यवस्था करने सड़क बत्ती मरम्मत कार्य हेतु 09 श्रमिकों को दैनिक वेतन कलेक्टर दर पर रखे जाने की स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 33 दैनिक वेतन श्रमिकों की स्वीकृति जल प्रदाय विभाग के दैनिक वेतन कलेक्टर दर पर 13 कुशल श्रमिकों की स्वीकृति अति आवश्यक सेवा अंतर्गत 06 वाहनों के संचालन हेतु 13 वाहन चालक कुशल एवं 41 फायरमेन कुशल श्रमिकों को आउटसोर्स के माध्यम से रखे जाने आउटसोर्स के माध्यम से नियोजन की स्वीकृति वीर सावरकर वार्ड के मुख्य मार्ग का नामकरण स्वण चंद्रभान पाण्डेय मार्ग किये जाने की स्वीकृति जलप्रदाय विभाग के संचालन हेतु मोटर पंप एवं फिटिंग सामग्री क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2023.24 के बजट में मद परिवर्तन किये जाने नगर पालिक निगम कटनी में पदस्थ सहायक यंत्रियों को कार्यपालन यंत्री का प्रभार प्रदाय किये जाने आउटसोर्स के माध्यम से श्रमिकोंध कर्मचारियों को रखने के संबंध में चर्चा की गई।

इस दौरान उपायुक्त पीके अहिरवार कार्यपालन यंत्री द्वय केणपी शर्मा एवं राहुल जाखड़ राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहायक यंत्री सुनील सिंह सहायक सिटी मैनेजर यश रजक वाहन सुपरवाइजर अरविंद प्यासी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

---

12 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्र शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों सलैया सिहोरा, हदरहटा, पाकर, सुपेली, घुघरा, परसेल, कटंगीकला, जुहला, इमलाज, निटर्रा, रोहनिया एवं खजुरा में पहुंची। यात्रा के पहुंचनें पर स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तथा केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।



यात्रा के दौरान आयोजित हुए शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये। जिला व्यापार उद्योग विभाग द्वारा ग्रामवासियों को विभाग के माध्यम से संचालित शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदाय की गई तथा स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये।

### हितग्राहियों को किया लाभान्वित

विकासखण्ड ढ़ीमरखेड़ा के ग्राम झिर्री स्थित ग्राम पंचायत भवन झिर्री में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बैगा समुदाय के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाकर लाभ प्राप्त करनें हेतु प्रेरित करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री 15 जनवरी को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मेगा इवेंट करेंगे। योजनान्तर्गत पात्रता रखने वाले विशेष जनजाति के निवास वाले मध्यप्रदेश के 22 जिलों में प्रधानमंत्री जी के मेगा इवेंट का लाइव प्रसारण किया जाएगा। मेगा इवेंट के तहत विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं से पीबीटीजी समुदाय के हितग्राहियों को शत-प्रतिशत रूप से लाभान्वित किया जाएगा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के मेगा इवेंट के दिन 15 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल रूप से जुड़कर इन 22 जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी कर सकते हैं।

---



# फर्शीकरण कार्य की जांच कराने सीईओ से की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत विजौरी के कोड़ो ग्राम में सीसी रोड का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है जिसका निर्माण कार्य सात वर्ष पूर्व सरपंच देववती गोस्वामी के कार्यकाल में कराया जा चुका है।

जनपद सदस्य विनय नागवंशी व युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गोस्वामी ने बड़वारा जनपद सीईओ को लिखित शिकायत करते हुए सरपंच व सचिव द्वारा मिलकर सरपंच के घर के सामने शासकीय राशि से फर्शीकरण करवाये जाने की शिकायत करते हुए जांच कराए जाने की मांग की है।

सरपंच सचिव की मनमानी पर रोक लगाए जाने की मांग की है। शिकायत पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जांच करवाने का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर लिंक खुली

**कटनी।** पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 के वे छात्र जो पूर्व में किसी कारणवश शैक्षणिक स. 2022-23 के नवीन एवं नवीनकरण आवेदन करने से वंचित रह गए उनके लिए एम.पी.टी.ए.एस.एस पोर्टल पर 25 जनवरी तक ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया है। सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एम.पी.टी.ए. एस.एस पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन हेतु 26 जनवरी से 25 फरवरी तक ऑन लाईन आवेदन करने हेतु एम.पी टास पोर्टल लिंक खोली गई है।

### डीसी ने प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा

**ढीमरखेड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाली नवांकुर संस्था इमलिया के द्वारा धरवारा सेक्टर के सरसवाही गांव में सेक्टर बैठक व सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने प्रस्फुटन समिति के सदस्यों से क्रमवार उनके कार्यो की समीक्षा की।विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने समिति सदस्यों को ग्राम में सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के हनुमंत प्रसाद शुक्ला ने लोंगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।इस मौके पर सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार,प्रस्फुटन समिति सदस्य शारदा प्रसाद बेन, बिहारी लाल यादव, रमेश सिंह, नरेश सिंह,लक्ष्मण सिंह, पूरन विश्वकर्मा, मुकेश यादव, दीपक रैदास सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### सही जबाव देने वाले छात्रों को किया गया प्रोत्साहित

**ढीमरखेड़ा।** राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा उमरियापान के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कराया गया। माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।सूर्य नमस्कार के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किया। सही जबाव देने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।इस दौरान प्राचार्य मुकेश पटेल,अभाविप के भाग संयोजक सुशील झारिया,नगर उपाध्यक्ष नितेश चौरसिया,मंत्री आयुष तंतुवाय सहित स्कूल स्टॉफ व छात्रों की उपस्थिति रही।

### कार्यक्रमों में शराब पीकर विवाद करने वालों के खिलाफ होंगी कार्रवाई

**ढीमरखेड़ा।** पाल समाज की एक बैठक झिंना पिपरिया गांव में आयोजित की गई। बैठक समाज के उत्थान को लेकर चर्चा की गई। समाज में आयोजित होने वाले सामूहिक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान शराब पीकर विवाद करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ करवाई किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। ऐसे लोगों के खिलाफ समाज की तरफ से जुर्माना, सामाजिक दंड और प्रशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष नागेश पाल, सरपंच मुन्ना पाल,सुशील पाल, राजू पाल, अन्नू पाल,पंचम पाल, रामकुमार पाल, महेन्द्र पाल, गंगाराम पाल, नरेंद्र पाल, अशोक पाल, सुनील पाल, सहित अन्य स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही।

### ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 तक

**कटनी।** पी.एम. यशस्वी योजनांतर्गत ओ.बी.सी, डी.एन.टी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये ऑनलाईन आवेदन हेतु एनएसपी पोर्टल पर भरनें की अंतिम तिथि को बढाकर अब 31 जनवरी तक कर दिया गया है। योजना के तहत पात्र विद्यार्थी अब अंतिम तिथि से पूर्व पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। पात्रता संबंधी जानकारी एन.एस.पी पोर्टल पर प्राप्त की जा सकती है। सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग नें जिले के शासकीय एवं निजी स्कूल के प्राचार्यो से छात्र-छात्राओ को सहयोग प्रदान करनें निर्देशित किया।

दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की बोर्ड की बैठक का आयोजन

# बसों का अनुबंध नहीं करने पर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनहित एवं आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर नागरिकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिया जाना गुड गवर्नेंस की पहचान है। ऐसा करने से किसी भी जनहित के मुद्दे के क्रियान्वयन में का बेहतर प्रतिसाद मिलता है। यह बात कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा अमृत 1.0 योजना अंतर्गत चलाई जाने वाली 4 अंतर्शहरी इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन से संबंधित आयोजित बैठक में कहा ।

बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने कटनी से जबलपुर, कटनी से मानपुर व्हाया रीवा एवं कटनी से व्योहारी व्हाया मानपुर मार्ग पर 4 इलेक्ट्रॉनिक बस के संचालन हेतु निविदा जारी करने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्तुत प्रस्ताव पर नगर निगम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से सुझाव आमंत्रित करने निर्देशित किया। उन्होंने सुझाव आमंत्रित कर 4 रूटों पर बस संचालन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिस पर समिति सदस्यों ने कलेक्टर द्वारा सभी से सुझाव लेने की प्रक्रिया को सकारात्मक पहल निरुपित करते हुए सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की।

दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की बोर्ड बैठक शुक्रवार को



महापौर प्रीति संजीव सूरी और कलेक्टर अवि प्रसाद की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सिटी बस के सुव्यवस्थित संचालन हेतु कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, यातायात प्रभारी राहुल पांडे सहित अन्य अधिकारी एवं बस ऑपरेटर मौजूद रहे।

बैठक में दीनदयाल कटनी सिटी बस के संचालन हेतु कंपनी में नवीन डायरेक्टर की नियुक्ति के संबंध में संचालक मंडल द्वारा नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता और नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा को डायरेक्टर के रूप में शामिल करने अनुमोदन किया गया।

### क्लस्टर ए, बी और सी में बसों के संचालन की समीक्षा

क्लस्टर ए अंतर्गत बसों के संचालन की समीक्षा के दौरान बताया गया की कटनी से कैमोर, रीठी एवं चाका बाईपास रूट पर बस संचालन हेतु नसीम ट्रांसपोर्ट से जनवरी 2023 में अनुबंध किया गया था किंतु इनके द्वारा मात्र तीन बस ही रूट पर संचालित की जा रही है ,शेष 3 बस खरीदी हेतु नसीम ट्रांसपोर्ट को नोटिस भी दिया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ट्रांसपोर्टर से चर्चा की जाकर शेष 3 बसों को क्रय आगामी 1 माह में निर्धारित रूट पर बसों का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान ट्रांसपोर्टर द्वारा क्लस्टर बी के तहत 7 बसों तथा क्लस्टर सी अंतर्गत भी 7 बसों का अनुबंध नही करने पर नोटिस जारी किए जाने की जानकारी पर कलेक्टर द्वारा नसीम ट्रांसपोर्ट के उपस्थित प्रतिनिधि को 7 दिवस के अंदर नोटिस जा जवाब देने हेतु निर्देशित किया जाकर जवाब नही दिए जाने पर अनुबंध अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए गए।

### कई अहम निर्णय

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बसों के मार्गों पर बिना परमिट संचालित ओटो रिक्शा, आपे के लिए रूट निर्धारण की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश कटनी परिवहन अधिकारी एवं यातयात प्रभारी को दिए गए। बस स्टॉप की लोकेशन, विज्ञापन का साइज़ के लिए अनुबंध अनुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। कंपनी द्वारा अनुबंधित बसों पर बाहर एवम अन्दर उपलब्ध स्थान पर विज्ञापन के अधिकार दिए जाने हेतु विज्ञापन एजेंसी के लिए निविदा जारी किये जाने हेतु संचालक मंडल द्वारा निविदा की शर्तों के लिए सीए एवं अधिवक्ता से अभिमत लिए जाने का निर्णय लेने तथा उपरोक्त विषय को आगामी बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश दिए।

झिंझरी सत्संग भवन के पास निर्माणाधीन बस स्टैंड में प्रथम तल पर परिवहन कंपनी के लिए ऑफिस आई टी एम एस कंट्रोल रूम के लिए डी यू आई एफ मद में उपलब्ध राशि 2.92 करोड़ रुपए से कार्य कराए जाने की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गये।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय में पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होगा। जिला मुख्यालय में प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी संबंधी बैठक में दी गई।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा एस.डी.एम कटनी प्रदीप मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुकला, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिह, सिविलि सर्जन यशवंत वर्मा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती ज्योति सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी वनश्री कुर्वेती, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हरी सिंह और विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर साधना परस्त ने बताया कि जिला मुख्ययालय, नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, जनपद एवं ग्राम पंचायतों के कार्यालयों में ध्वजारोहण के कार्यक्रम होंगे। जिला स्तरीय समारोह में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल और होमगार्ड द्वारा संयुक्त परेड का आयोजन किया जायेगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की उपलब्धियों एवं विकासपरख झाकियां निकाली जायेंगी। अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने संपूर्ण गरिमा के साथ पूरे जिले में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम किये जाने के निर्देश भी दिये हैं।

पिछले वर्ष की तरह परेड ग्राउंड की साज-सज्जा लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चयन समिति गठित की गई है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में योग दिवस पर हुआ आयोजन

# सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से शरीर में उर्जा एवं संवर्धन का संचार होता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दिल्ली पब्लिक स्थल में बड़े ही मनोयोग से योगदिवस संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से लेकर बारहवी तक के विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। हर विद्यार्थी बहुत ही एकाग्रता से योग के हर फ्लो को अपना रहा था। सूर्य नमस्कार जैसा कि विदित है पुरे भारत वर्ष में मनाया जाता है 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में धोषित हुआ है यह सूर्य नमस्कार विश्व विद्यालय, महाविद्यालय, स्कूल स्तर पर सभी जगह संपन्न होता है ड़ी.पी.एस. विद्यालय भी इसको अछूता नहीं रह सका

प्राचार्या, उपप्राचार्या व नेहा मिस, दीप्ती मिस, अदिति मिस, काजल मिस, रजत सर के नेतृत्व में इस अवसर पर विद्यार्थियो ने सूर्य नमस्कार -' के हर एक पहल को बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। सूर्य भगवान की आराधना तो वैसे भी हर मनुष्य को शक्ति, बुद्धि, बल प्रदान करती है। इसी उक्ति को चरितार्थ करते हुए बच्चों ने इस योगदिवस को सूर्यनमस्कार कर पूर्ण किया स्वस्थ मस्तिष्क में ही स्थस्थ शरीर का वास होता है Iसूर्य नमस्कार कर बच्चों ने इस कथन को सिद्ध किया।

विद्यालय में बताया गया कि यह प्राणायाम शरीर में उर्जा व शक्ति का संवर्धन करता है, साथ ही इस बात पर भी बल दिया गया कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व भी इसी ऊर्जा व शक्ति से भरा हुआ था इसीलिए इस योगदिवस को हम सूर्य नमस्कार के रूप में मनाते है शाला को नई दिशा व दशा देने वाली शाला निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने सूर्य नमस्कार करते हुए बच्चों को देखकर प्रंशसा व सराहना व्यक्त की।

## बकाया करों की वसूली के लिए शिविर का आयोजन



शनिवार को कुठला थाने के पास वार्ड क्रमांक 01, 02, 03 में एवं गॉधी गंज गौर गली में वार्ड क्रमांक 09, 10, 11 एवं 23 में संपत्तिकर वसूली का शिविर संपन्न हुआ। कल 15 जनवरी को लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 06, 07, 08, 24 में एवं भोले शंकर मंदिर के पास वार्ड कमांक 37, 38, 39 में शिविर लगाया जायेगा। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वार्ड में आयोजित वसूली शिविर स्थल में बकाया संपत्तिकर एवं जलकर राशि जमा कर नगर विकास में सहभागी बनें।

# अपराधिक तत्वों पर करें सतत कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




पुलिस कप्तान ने कंट्रोल रुम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया जिसमें जिले में चोरी, नकबजनी की वारदातों में कमी लाने के लिए सघन गश्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में चोरी की वारदातों को रोकने और उनका पर्दाफाश करने के लिए पुलिस अधिकारियों को टीम भावना के तहत तालमेल बनाकर काम करना है, ऐसे चोरी के आरोपी जो वर्तमान में जमानत पर है उन पर लगातार नजर रखकर उनकी आजीविका के स्त्रोत पर निगरानी रखी जाए। समीक्षा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में भ्रमण करने, संभ्रात लोगों से बैठक कर पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में चर्चा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन के मन में पुलिस के कार्य व उनकी प्रकृति के प्रति विश्वास रहे, साथ ही न्याय अंतिम लक्ष्य है कि भावना से अवगत कराया जा सके।

### कमी लाने करें प्रयास

एसपी ने कहा कि वर्ष 2023 में जिस तरह अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने से अपराध में गिरावट आई है उसी तरह वर्ष 2024 में भी अपराध में कमी लाने के प्रयास किए जाए और बेहतर पुलिसिंग की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना तंत्र मजबूत कर संपत्ति संबंधी अपराध जैसे लूट, चोरी, धोखाधड़ी को रोकने के लिए अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

सरस्वती विद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# कार्यशाला में एचआईवी, एड्स एवं टीबी रोग से बचाव व मिथक की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद सिंह के नेतृत्व मे रक्तदान, एचआईवी, एड्स एवं टी. बी. के लिए जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय कटनी में कार्यरत हेमन्त श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता के रूप रक्तदान, एचआईवी, एड्स एवं टी. बी. रोग, उससे बचाव के तरीके, इसके टेस्ट, इससे जुड़े मिथक से संबंधित जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि एड्स या एचआईवी के




बारे में समाज में मौजूद गलत अवधारणा के कारण, इसकी रोकथाम करना काफी मुश्किल होता है। समाज में गलत नजरों से देखे जाने की कारण, लोग खुलकर इस बीमारी के बारे में बात नहीं करते और इससे बचाव नहीं हो पाता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सरस्वती विद्यालय बरही मे आयोजित रक्तदान शिविर में रामभजन, निखिल गुप्ता एवं अन्य स्वयंसेवकों तथा पूर्व विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान, सहभागिता एवं सहयोग किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. एस. एस. धुर्वे, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. निगम, मनीष मिश्रा, डॉ रूपा शर्मा, डॉ पुष्पेंद्र तिवारी, पवन दुबे, अनुराग सोनी, कैश अंसारी, श्रीमती अनीता सिंह, ऋषभ त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, सोनम पाण्डे एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम पटैल पिता श्री मिटठूलाल पटैल निवासी ग्राम पठरा तह० एवं जिला कटनी म०प्र० द्वारा बैंक ऑफ बडौदा की शाखा कटनी जिला कटनी म०प्र० से ऋण प्राप्त किया जा रहा है तत्संबंध में भूमि ग्राम कुठला प०ह० नं० 40/50 रा०नि०मं० मुडवारा तह० व जिला कटनी म०प्र० में स्थित भूमि खसरा नंबर 392/13 रकवा 480 वर्गफुट का बंधक प्रस्तावित है, उक्त भूमि श्रीराम पटैल ने दि० 12.09.2006 को श्यामलाल यादव पिता श्री जानकी यादव नि० तिलक वार्ड कटनी जिला कटनी म०प्र० से क्रय की थी उक्त भूमि श्यामलाल यादव ने विक्रेता श्री माधव सिंह पिता श्री कोक सिंह राजपूत से क्रय की थी श्री माधव सिंह राजपूत के द्वारा क्रय की गई भूमि का मूल विक्रय पत्र अर्थात बैनामा दिनांक 12.01.2006 रजि० क० अ-1/3400 कहीं गुम गई है, जिसकी सूचना भूस्वामी द्वारा पुलिस थाना कुठला में दी है, अतः उक्त सूचना पत्र के माध्यम से आम जनता, समस्त बैंकिंग व वित्तीय संस्थानो, शासकीय संस्थाओं इत्यादि को सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपति के संबंध में किसी भी प्रकार का हित स्वत्वाधिकार अथवा दावा आपत्ति अथवा कोई भार या विवाद हो तो सूचना प्रकाशन दिवस से सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में अथवा ई-मेल द्वारा या बैंक ऑफ बडौदा की शाखा कटनी म०प्र० में समस्त दस्तावेजों सहित अवगत करावें अवधि उपरांत कोई भी आपत्ति स्वमेव निराधार व अमान्य होगी।

शशिकांत पांडेय (एडवोकेट)
जिला एवं सत्र न्यायालय, कटनी
मो०नं०- 9826575886, 7974554967
advshashikantp@gmail.com

अनुभागवार नोडल अधिकारियों को किया गया नियुक्त

# प्रकरणों का निराकरण करने अभियान कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में, इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से प्रदेश में राजस्व महाअभियान संचालित किया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राजस्व महा अभियान 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 फरवरी, 2024 तक संचालित किया जायेगा। महाअभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, सीमाकंन, अभिलेख दुरुस्ती आदि)का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज कराना, नक्शे तरमीम आदि का कार्य किया जायेगा।

पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। कलेक्टर ने कहा महाअभियान में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जाना शामिल हैं। उन्होंने कहा राजस्व महाअभियान हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभागवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी निर्धारित समयानुसार समस्त पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों से समय-सीमा में कार्यवाही करवाएगे एवं की गई कार्यवाही की जानकारी प्रतिदिन गूगल शीट में दर्ज करवाना सुनिश्चित करेंगे। राजस्व महाअभियान में पटवारी 15 जनवरी से 31 जनवरी तक समस्त ग्रामों में बी-1 वाचन सुनिश्चित करेंगें तथा आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण दर्ज करेंगे। इसी प्रकार 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व अभिलेख में सुधार, प्रकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं रिपोर्ट प्रदान करना, आधार से ई-केवाएसी कराने और खसरे तथा आधार को लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु किसानों को प्रेरित करेंगे।

उन्होंने कहा राजस्व महाअभियान में अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार 15 जनवरी से 29 फरवरी तक अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार. ग्रामों का क्लस्टर बनाकर सतत भ्रमण, अभियान में आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों एवं अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, बटांकन, अभिलेख दुरुस्ती संबंधी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण, आधार से ई-केवायसी और खसरे तथा आधार की लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु किसानों को प्रेरित करेंगे।

राजस्व महाअभियान के तहत 15 जनवरी ढीमरखेडा के अतरसूमा और जिर्री तथा विजयराघवगढ़ तहसी में 15 जनवरी को मेहगांव, रजरवारा नंबर दो, खरखरी हरदुआकला, भैसवाही, मोहास, मुडेहरा में और कटनी तहसील में 15 जनवरी को मझगवां, अतरिया, बिजौरी चपहनी, बडेऱा, झिंझरी, सेझा, नन्हवारा, बडवारा खुर्द, उमरिया, मानपुर, लखाखेरा, बजरवारा, गोपालपुर, बनहरी, अमाडी, निगरहा, बसाड़ी, भदौरा, गुड़ा लुहरवारा और बरही तहसील में 15 जनवरी को सिरौंजा गडरिया, पिपरिया कला मे शिविर लगेगा। जबकि बहोरीबंद में 15 जनवरी को गौरहा, खम्हरिया, कूड़ा सोमाकला, बचौया में राजस्व शिविर आयोजित होगा।

# रीठी जनपद में जिले को पहला शिविर आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिव्यांगों के हित में एक और अभिनव पहल की गई है। इसके तहत जिले के दिव्यांगों को दिये गए मोटराईज्ड ट्राईसायकल एवं अन्य प्रकार के ट्रायसायकल के सुधार के लिए विकासखण्ड स्तर पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए शिविर लगाए जाएगें। जनपद पंचायत रीठी के मीटिंग हॉल में मोटराईज्ड ट्रायसायकल के सुधार हेतु शिविर 16 जनवरी को लगाया जायेगा।

जनपद पंचायत बहोरीबंद में यह शिविर 17 जनवरी को, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ और नगर परिषद विजयराघवगढ के दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए शिविर 18 जनवरी को तथा जनपद पंचायत बड़वारा में शिविर 19 जनवरी को और जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा मे दिव्यांगजनों की ट्राइसायकल मरम्मत एवं सुधार का शिविर 20 जनवरी को लगाया जायेगा।

कलेक्टर के प्रयासों के बाद भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम के सहायक उत्पादन केन्द्र ने उपरोक्त शिविरों में ट्राइसायकलों की मरम्मत सुधार और चेन लगाने के लिए मैकेनिक की व्यवस्था की है। जिनके नाम मुकेश सिंह एवं दुर्गेश विश्वकर्मा है। जो शिविर में मौजूद रहकर मरम्मत एवं सुधार कार्य करेंगें।

दरअसल पर कलेक्टर अवि प्रसाद से मिलने वाले कुछ दिव्यांगों ने अपनी मोटराइज्ड ट्राइसायकल खराब होने की जानकारी देते हुए सुधार करवाने का आग्रह किया था। इसके बाद कलेक्टर ने एलिम्कों से चर्चा कर दिव्यांगजनों के हित मे शिविर लगवानें की व्यवस्था की।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री योजना अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**अमानगंज।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज पीएम श्री विद्यालय योजना अंतर्गत छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्राचार्य एसके द्विवेदी एवं अन्य विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था प्रचार एसके द्विवेदी के साथ समस्त शिक्षक गण एवं स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा।

### 18-19 आयु वर्ग के युवाओं के नाम जोड़ने के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचक नामावली में 18-19 आयु वर्ग के अधिकाधिक युवाओं के नाम जोड़ने के संबंध में निर्देशित किया गया है। इस संबंध में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक युवाओं के नाम शामिल कराने तथा महाविद्यालयों में पूर्व से नियुक्त कैंपस एम्बेसडर का सहयोग प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़े जाने की कार्यवाही संपादित करने के लिए कहा है। पन्ना जिले में पुनरीक्षण के दौरान लगभग 6 हजार 120 युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने की कार्यवाही की जाना है।

## आर्थिक संकट से गुजर रही कार्यकर्ताएं, सरकार नहीं दे रही ध्यान

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को तीन महीने से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हटा विकासखंड के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के समय इन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को वेतन आवंटित किया गया था इसके बाद से महिला बाल विकास विभाग द्वारा इनका वेतन आवंटित नहीं किया गया है जिससे इन्हें काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हटा विकासखंड में लगभग 250 से ज्यादा आंगनबाड़ी संचालित की जा रही है इसी के साथ ही अधिकांश आंगनबाड़ी किराए के भवनों में संचालित हो रही है जिससे इन्हें मकान मालिक द्वारा भी किराया न देने पर परेशान किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि विभाग द्वारा पेमेंट नहीं होने से हमारी स्थिति बिगड़ रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने बच्चों की फीस सहित परिवार चलाने के अलावा अन्य कार्यों में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हर महीने उन्हें सैलरी नहीं मिलने से उनके ऊपर आर्थिक संकट आ गया है। कार्यकर्ताओं द्वारा कई बार विभाग के बड़े अधिकारियों को भी अवगत कराया गया लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को बहुत कम मानदेय मिलता है। वही सैलरी समय पर नहीं मिलने से उनके परिवारों की स्थिति डकमगा गई है अब इन्होंने शासन से जल्द से जल्द मानदेय दिए जाने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि विभाग के बड़े अफसरों व अन्य कर्मचारियों को हर महीने पेमेंट हो जाती है लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को तीन-तीन महीने तक सैलरी नहीं दिये जाने से यह परेशान हो रही हैं। विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई असर देखने को नहीं मिला।

जब इस संबंध में प्रदेश सरकार की महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया से बात की तो उनका कहना था कि शीघ्र ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं का मानदेय भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## भव्य कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ





**पटेरा।** श्री श्री 1008 संगीतमय श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रीमति कमलरानी भगवानदास यादव द्वारा मुख्य श्रोता बनकर किया जा रहा है। कथा वाचक गुरूदेव डॉ रजनीश शास्त्री के मुखारबिन्द से 13 से 19 जनवरी तक सुनाई जा रही है। शुभारंभ 13 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाल कर किया गया जिसमें यादवी नृत्य पारंपरिक वेशभूषा में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कलश यात्रा में नगरवासी बडी संख्या में शामिल हुये। प्रतिदिवस दोपहर दो बजे से कथा सुनाई जायेगी। राजू यादव एक परिवार ने श्रद्धालुओं से प्रति दिवस कथा सुनकर धर्मलाभ लेने का निवेदन किया है।

## पढ़ाई के साथ - साथ सिखा रहे आत्मरक्षा के गुर



**दमोह।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा पढ़ाई के साथ - साथ छात्राओ को आत्मरक्षा के गुर सिखाये जा रहे जिसमे कक्षा 6 वी से -8 वी तक के सभी शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला में यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें बच्चियों को सक्षम बनाने के लिए रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसकी सतत कलास कुछ शालाओं में प्रारंभ हो चुकी है। मध्यप्रदेश कराटे एसोसिएशन एवं जिला खेल विभाग से चयनित प्रशिक्षक सेम्पाई धर्मेन्द जूदेव, सेम्पाई अनूप सिंह ठाकुर,सेम्पाई,गणेश बंसल, सेम्पाई नीलेश पोर्ते, सेम्पाई प्रकाश रैकवार, सेम्पाई, राधिका रैकवार, रक्षा रजक, दुर्गा विश्वकर्मा, सोनम रैकवार, प्रीति विश्वकर्मा, द्वारा भी विद्यालयो में प्रशिक्षण प्रारंभ कराया गया। जिसमे बच्चियों में हर्षोल्लास देखने को मिला रहा है। बच्चे आत्मरक्षा के गुर सीख रहे है। इस प्रशिक्षण मे बच्चो की उपस्थिति भी बढ़ कर हो रही है।

## सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी, राज्यमंत्री ने ली बैठक



**बनवार।** जिले की सबसे बड़ी विधानसभा जबेरा सुचारू बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी एक्शन में आ गए उन्होंने आज गृह ग्राम नोहटा विद्युत वितरण केंद्र में विद्युत अधिकारियों की बैठक ली। अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की निगरानी और उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा बिजली व्यवस्था बेहतर हो। नोहटा बनवार विद्युत वितरण केंद्र से निरंतर बिजली आपूर्ति एवं समस्या विद्युत ट्रांसफार्मर सुधार कार्य नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए। विद्युत से संबंधित समस्याओं का उपभोक्ताओं को सामना न करना पड़े इसके लिए जरूरी है। बेहतर बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करें इस दौरान समीक्षा बैठक में सतेंद्र सिंह जनप्रतिनिधियों सहित विद्युत वितरण केंद्र के जेई अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्तिथि रही।

## ग्राम खजरी, बोतराई में शिविर सम्पन्न

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल के मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में संकल्प यात्रा ग्राम खजरी, ग्राम बोतराई सहित अन्य ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई। इन शिविरों में ग्रामीणजनों के आवेदन लिए गये। साथ ही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा दमोह विकासखण्ड के चंदौरा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौरा एवं ग्राम पंचायत खजरी, बटियागढ़ विकासखण्ड के बटियागढ़ सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कनोरा राम नगर एवं ग्राम पंचायत घूघस, पथरिया विकासखण्ड के सासा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बोतराई तथा पटेरा विकासखण्ड के जमुनिया सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया एवं ग्राम पंचायत सलैया में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई।

## आज से सिद्ध क्षेत्र डबरा मे दो दिवसीय मेले का आयोजन होगा

**हिण्डोरिया।** रविवार एवं सोमवार को मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर नगर के वार्ड नं. 05 के भौंदला पहाड़ी की तलहटी मे स्थित धार्मिक डबरा क्षेत्र में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले के सम्बन्ध मे आयोजन समिति सदस पं. भरत लाल दुबेदी ने बताया कि इस मौके पर श्री शिव मन्दिर परिसर मे अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन होगा। साथ ही महिला मण्डलों व्दारा धार्मिक भजन कीर्तन आदि का आयोजन होगा। मेले मे विगत वर्ष की भांति विभिन्न प्रकार की दुकाने वगैरह भी लगायीं जायेगी। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से मेले मे पहुँच कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## डाइट में हुआ बीआरसीसी बीएसी का उन्मुखीकरण



**हटा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार माध्यमिक शाला के शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के परिपालन में आयोजित हो रहे सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन के संबंध में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में प्राचार्य एसके मिश्रा वरिष्ठ व्याख्याता आर पी विश्वकर्मा की उपस्थिति में जिले के सभी बीआरसीसी बीएससी और राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय उन्मुखीकरण आयोजित किया गया। जिसमें प्रशिक्षण प्रभारी एके सिंह ने 16 जनवरी से शुरू हो रहे प्रशिक्षण में किस प्रकार शिक्षकों को आमंत्रित किया जाना है के संदर्भ में सभी बीआरसीसी को अवगत कराया। मास्टर ट्रेनर माधव पटेल ने सत्र संचालन के दौरान सहजकर्ताओं को किन बातों का ध्यान रखने की आवश्यकता होती है के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की। विजय बहादुर सिंह ने प्रशिक्षण सत्रों को हुक तकनीक से कैसे संबद्ध करें को विस्तार से बताया।दिनेश प्यासी ने कक्षा में प्रश्नों के महत्व और उसकी आवश्यकता से सभी को अवगत कराया।

## जिला स्तरीय स्काउट गाइड शिविर संपन्न



**नोहटा।** जिले के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार भारत स्काउट एवं गाइड जिला दमोह में द्वितीय सोपान, स्काउट गाइड द्वितीय चरण रजत पथ जाँच शिविर का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उमावि दमोह एवं शासकीय प्राथमिक शाला कांटी जबेरा मे आयोजित किया गया । जिसमें शिविर संचालक रश्मि ठाकुर एवं लखन लाल अहिरवार द्वारा दायित्व निभाया गया। शिविर में प्रवेश से लेकर द्वितीय सोपान तक के विषयों की जांच की गई जैसे नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना झंडा, गीत, प्राथमिक सहायता, गांठे, अनुमान लगाना ध्वज ,शिष्टाचार, दक्षता बैज का लिखित मौखिक टेस्ट लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा वास्तव में स्काउट गाइड आंदोलन बच्चों को सुनागरिक बनाने का कार्य करता है जो छात्र-छात्राएं स्कूलों में रहते हैं उनमें और इन छात्रों में अलग ही अंतर रहता है आज मैं इनको आशीर्वाद देता हूं यह सभी सफल होकर राष्ट्रपति अवार्ड तक पहुंचे। नन्हे सिंह ठाकुर ने कहा मुझे यहां आकर इन छात्र-छात्राओं का अनुशासन देखा बच्चों द्वारा कुकिंग टेस्ट रोचक लगा और बताया कि स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त भी गतिविधियों में सम्मिलित होने से कोई ना कोई उद्देश्य छुपा होता है जो बच्चों को आगे व्यक्तित्व सुधारने का कार्य करता है। मोहन राय द्वारा अपने पूर्व स्काउटिंग का अनुभव बच्चों से साझा किया। उनके द्वारा बताया गया कि इन प्रमाण पत्रों का बहुत महत्व होता है। इस अवसर पर सहायक संचालक स्कूल शिक्षा नन्हे सिंह ठाकुर एवं एडीपीसी मोहन राय ,कंचन सिंह उपस्थित रहे । शासकीय प्राथमिक शाला कांटी शिविर में प्राचार्य जवाहर प्रधान एवं मनोज सैनी, प्राचार्य उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन मे पवन कुमार अहिरवार, जीपी पटेल, लोकेश सेन, नीलू रावल वीरेंद्र मुंडा, अंबिका प्रसाद शर्मा, कांति गोड, वंदना दीक्षित, राजकुमार नायक मनीष पाठक का सहयोग रहा ।

## इमरत लाल राय की स्मृति में टॉपर छात्र को लैपटॉप देकर किया जाएगा सम्मानित

**हटा।** विकासखंड हटा के अंतर्गत हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक अर्जित करने वाले छात्रों को स्वर्गीय श्री इमरत लाल राय की स्मृति में टेबलेट व लैपटॉप देकर गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। छात्रों को सम्मानित करने की उक्त बात विगत दिवस से जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में एसडीएम द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी हेतु आयोजित बैठक के दौरान नगर के समस्त गणमान्य जनों व अधिकारियों की उपस्थिति में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी युवा समाजसेवी सुनील राय द्वारा कही गई उन्होंने बैठक में कहा कि पूजनीय पिता स्वर्गीय श्री इमरतलाल राय जी की पुण्य स्मृति में विकासखंड के अंतर्गत हाई स्कूल परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाने वाले छात्र को टैबलेट व हायर सेकेंडरी की परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक अर्जित करने वाले छात्रों को लैपटॉप देकर मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय इमरतलाल राय दादा द्वारा हमेशा ही नगर में सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जरूरतमंदों का सहयोग किया जाता रहा कोरोना काल में भी उनके द्वारा नगर के जरूरतमंदों को काफी सहयोग प्रदान किया गया उनकी ही प्रेरणा को उनके बेटे द्वारा भी समाजसेवा कर जरूरतमंदों को मदद करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता संपन्न

**दमोह।** ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार के मार्गदर्शन में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नेहा रैकवार विजयलाल स्मृति महाविद्यालय दमोह, द्वितीय स्थान पर स्नेहा खटीक शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह एवं तृतीय स्थान पर कु. रोशनी अहिरवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह रहीं। निर्णायक मण्डल में डॉ. कमल चौरसिया, डॉ. अवधेश जैन तथा डॉ. एन.पी. नायक की उपस्थिति रही है।

## भक्ति को देखने के लिए लीन होना पड़ता है - पं कमलेश्वर आनंद जी



**दमोह ।** जीवन जीना सीखना है तो श्री रामायण से सीखो और मरना सीखना है तो भागवत गीता से सीखो। त्रिवेणी संगम में गंगा, जमुना, सरस्वती का मिलन होता है। मिलन में गंगा जमुना तो दिखाई देती हैं लेकिन सरस्वती को कोई नहीं देख पाता, सरस्वती को देखने के लिए कई बार प्रयास करने पड़ते हैं लेकिन सफलता नहीं मिलती। इसी तरह गीता में विज्ञान, वैराग्य और भक्ति है, लेकिन विज्ञान और वैराग्य तो दिखाई देता है लेकिन भक्ति नहीं दिखाई देती, भक्ति को देखने के लिए लीन होना पड़ता है। यह वचन कथा व्यास पंडित कमलेश्वर आनंद जी महाराज ने नगर के बेलाताल टापू साईं मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के दौरान दिए। इसके अलावा कथा व्यास ने नारद संवाद परीक्षित जन्म वक्ता के दस लक्षण, रसिका भूवि भाविका, कुंती चरित्र, विदुर मैत्री प्रसंग की कथा श्रवण कराई। 12 जनवरी से शुरू हुई सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत के दूसरे दिवस कथा व्यास जी महाराज ने ज्ञान भक्ति वैराग्य की कथा श्रवण करते हुए मोक्ष प्राप्ति की कथा श्रोताओं को श्रवण कराई। साथ ही व्यास नारद संवाद, परीक्षित जन्म, वस्ता के दस लक्षण, रसिका भूवि भाविका, कुन्ती चरित्र सहित विदुर मैत्री प्रसंग की कथा श्रवण कराई। कथा व्यास कमलेश्वर आनंद जी ने बताया कि हमेशा मधुर मीठा बोलो, वाणी के सुर सुधार लो, जिस तरह कौवा दिन भर कांय कांय करता है लेकिन कोई नहीं सुनता लेकिन जब कोयल बोलती है तो सब ध्यान से सुनते हैं इसी लिए कोयल बनो कौवा नहीं। जीव का कल्याण भगवत भजन से होगा क्योंकि जीव का जन्म प्रभु की भक्ति के लिए हुआ है, प्रभु का भजन जो जीव नहीं करता है पशु के समान होता है। अगर कल्याण चाहते हैं तो जन्म मरण के चक्कर से बचना चाहते हैं तो हरि भजों, भगवान का भजन का भजन ही सार है बांकी सब बेकार है। वही धुंधकारी चरित्र के वर्णन का प्रसंग सुनाया की किस तरह से वह प्रेत योनि में गये और उनके मोक्ष के लिए श्रीमद् भागवत कथा आयोजन की बात कही गई थी उसी से उनका उद्धार हुआ है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का घर-घर आमंत्रण अंतिम चरण



**नोहटा।** श्री राम जन्मभूमि में नवनिर्मित विशाल राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत निमंत्रण लगभग अंतिम चरण में है। नोहटा नगर में हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं राम भक्तों के द्वारा घरों में जाकर अक्षत देकर निमंत्रण के साथ-साथ आग्रह किया जा रहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जाएं बल्कि अपने नगर के मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम अनुष्ठान से जुड़े। बजरंग दल के संयोजक विक्की रैकवार ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घर या मंदिरों में शंखध्वनि घंटानाद और भगवान की आरती करके यह उत्सव मनाए। और दीप जलाएं।

### घर-घर बता रहे मंदिर की भव्यता

बजरंग दल संयोजक दिनेश कर्ण ने बताया कि अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्र के जरिए मंदिर निर्माण की भव्यता वी स्वरूप से भी भक्तों को अवगत कराया जा रहा है। पत्र के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है पत्रक में बताया गया है कि 32 सीढ़ियां चढ़कर भक्तों को रामलाल के दर्शन प्राप्त होंगे मंदिर में बनने वाले अन्य प्रकल्पों की भी जानकारी दी गई। नोहटा नगर में अक्षत निमंत्रण में दुर्गा वाहिनी की बहनो के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। एवं घर-घर जाकर आमंत्रण दे रही हैं।

## बनवार परस्वाहा पहुंचे मंत्री श्री लोधी



**बनवार।** संस्कृति एवं पर्यटन धार्मिक न्यास धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के बनवार परस्वाहा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान क्षेत्र की वरिष्ठ नागरिकों कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट की बता दें मंत्री बनने के बाद जबरा विधायक धर्मेंद्र लोधी का यह पहला बनवार आंचल का दौर था इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए वरिष्ठ नागरिकों वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद लिया बनवार ग्राम के समीप अति प्राचीन शंकरगढ़ धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन करते हुए कार्यकर्ताओं के मिलन समारोह में शामिल हुए इस दौरान क्षेत्रवासी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की और क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने के लिए उनके सुझाव क्षेत्र की समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री श्री लोधी ने कहा आप सभी क्षेत्र वासियों के आशीर्वाद से विजय प्राप्त हुई है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है एवं सरकार ने मुझे राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की बड़ी जिम्मेदारी दी है। लेकिन मैं क्षेत्र का मंत्री नही एक सेवक हूं और आपका यह सेवक आपकी सेवा में कोई कमी नही रहने दूंगा।

### बनवार विद्यालय में छात्र-छात्राओं को किया संबोधित

बनवार स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़ते रहे। सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है तय किया जब तक उसे प्राप्त न कर लें तब आगे बढ़ते रहे।

## खबर संक्षेप

### गाय से टकराकर बाइक सवार घायल

**तेन्दूखेड़ा।** शनिवार की शाम छह बजे जबलपुर मार्ग पर एक बाइक सवार गाय से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी लगते ही तेन्दूखेड़ा 108 के डाक्टर बसंत चक्रवर्ती पायलट विवेक कटारिया मौके पर पहुंचे और घायल हो उठाकर इलाज के लिए स्वस्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर उसका इलाज चल रहा है बताया गया है कि शुभम पिता लक्ष्म प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी शहपुरा भिटोनी जिला जबलपुर है जो शहपुरा से तेन्दूखेड़ा अपनी दुकान बाइक से आ रहा था और नरगुवा के पास गाय से टकराकर घायल हो गए पुलिस द्वारा जांच की जा रही है

### यातायात व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार

**पथरिया।** नगर की बेलगाम यातायात व्यवस्था में आखिर कब सुधार होगा यह कही चर्चा का विषय बना रहता है सड़कों पर दिनों दिन संकीर्णता बढ़ती जा रही है वही दुकानों के सामने दोनों तरफ वाहनों का खड़े होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है शाम के समय स्कूल की छुट्टी के समय जाम लग जाता है शनिवार को शाम भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जहां एक तरफ वाहनों की लाइन लगी तो दूसरे तरफ छात्राओं की भीड़ बीच में ट्रक दो पहिया वाहन फंसे हुए हैं ऐसे में राहगीरों परेशानी तो वही दुघर्टना का डर बना रहता है लेकिन फिर भी शासन प्रशासन के जबाबदेह द्वारा ध्यान नही दिया जाए तो इसे क्या कहेंगे।

### गढकोटा के चोरों ने की थी तेजगढ में चोरी, सामग्री भी मिली

# जैन मंदिर में चोरी का पर्दाफाश पांच आरोपी पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के तेजगढ़ थाना अंतर्गत जैन मंदिरों से दो दिन पहले हुई चोरी करने वाले आरोपियों का पुलिस ने पता लगाकर उनके कब्जे से चोरी किया माल बरामद कर लिया है मामले में पुलिस ने सागर के गढ़ाकोटा से पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ वारदात में प्रयुक्त दो बाइक भी जब्त की है। आरोपियों के चोरी की वारदात को अंजाम देने में सफल रहने की मुख्य वजह मंदिर में चौकीदार का नहीं होना रहा है।

शनिवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम में जैन मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एसपी सुनील तिवारी ने बताया कि 9/10जनवरी की दरम्यानी रात तेजगढ़ जैन मंदिर से अज्ञात चोर भगवान पार्श्वनाथ की छोटी पीतल की प्रतिमा बजनी करीब 50 ग्राम एवं नेमीनाथ मंदिर की दान पेटी जिसमें चढ़ावे की नगदी रूपये रखे रहते हैं कुल सामाग्री कीमती 2,50,000/- रूपये चोरी कर ले गये जिसकी रिपोर्ट पर थाना तेजगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामला गंभीर होने से तत्काल टीम गठित की गई थी। जिसमें साइबर सेल व थाना तेजगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों को संयुक्त रूप से टीम में शामिल किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम द्वारा तेंदूखेड़ा एसडीओपी के मार्गदर्शन में लगातार आरोपीगण की तलाश हेतु क्षेत्र के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये एवं संदेहियों से पूछताछ की गई। जो संदेहियों का दो मोटरसाईकिलों का उपयोग करते हुये रात्रि में तेजगढ़ से झलौन, मुहली, छिरारी के रास्ते गढ़ाकोटा तरफ जाना पाये जाने पर सायवर सेल की मदद से लगातार तलाश पतारसी की गई।

तकनीकी साक्ष्य, एवं मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपीगण गढ़ाकोटा में दस्तयाब हुये जिनसे पूछतांछ की गई जिन्होनें जैन मंदिर तेजगढ़ में की चोरी करना स्वीकार किया जिनको विधि अनुसार गिरफ्तार किया गया एवं आरोपीगण से चोरी गयी सामाग्री एवं घटना में प्रयुक्त की गई 2 मोटर साईकिलें, कटर एवं निहानी बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी उमेश पिता गनेश विश्वकर्मा अभिषेक पिता शंकरलाल पटैल, मनोज पिता धीरज रैकवार, मनीष पिता परमानंद रैकवार एवं यशवंत पिता बलीराम रैकवार सभी निवासी गढ़ाकोटा के कब्जे से जैन मंदिर से चोरी की सामग्री बरामद की गई।

#### सामग्री बरामद

जिसमे पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति छोटी -1, चांदी की पांडुकशिला-1, चांदी के चॅवर -1, चांदी की थाली -2 चांदी के छोटे बड़े छत्र - 4, चांदी के छोटे कलश-3, पीतल के छत्र-8, पीतल । स्टील का भवमंडल-1, चांदी का थोना -1, चांदी का ध्वजा -1, चांदी की छोटी प्लेट-1, स्टील का चॅवर-1, सिक्के, दानपेटी 1, नगद 21000/- रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल हीरो पैशन प्रो - 2, लोहा काटने वाला बडा कटर-1, निहानी-1 कुल मशरूका जिसकी कीमत 4,03,607 - रूपये का बरामद किया गया।

सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी में निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाध्याय थाना प्रभारी तेजगढ़, निरीक्षक अमित मिश्रा सायवर सेल दमोह, सउनि संजय सिंह थाना तेजगढ़, सउनि संजय मिश्रा थाना गढ़ाकोटा, प्र.आर. सचिन नामदेव, प्र.आर. रघुराज, प्र.आर. देवेन्द्र थाना तेजगढ़, प्र.आर. राकेश आठया, प्र.आर. सौरभ टंडन प्र.आर. अजीत दुबे,, सायवर सेल दमोह एवं आरक्षक नन्हेभाई, आरक्षक चैनसींग, जीआरएस राजाराम यादव थाना तेजगढ़ की विशेष भूमिका रही।

# कलेक्टर ने बालिका छात्रावास और प्री-मैट्रिक छात्रावास का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर मयंक अग्रवाल देर शाम मड़यिादो पँहुचे। यहां उन्होंने बालिका छात्रावास और अनुसूचित जाति प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बालिका छात्रावास में छात्राओं से चर्चा की, छात्रावास व्यवस्थाओ का जायजा लिया। छात्रावास अधीक्षक ने यहां कम वोल्टेज की समस्या बताई जिस पर कलेक्टर ने सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बालिका छात्रावास के उपरांत कलेक्टर श्री अग्रवाल अनुसूचित जाति प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास भी पँहुचे। यहां बेहतर व्यवस्थाओं की तारीफ की। साथ ही छात्रों से उनके पाठ्यक्रम के विषय में चर्चा की। कलेक्टर अग्रवाल को यहां अधिकारियों ने बताया यह दमोह जिले का सबसे बेहतर अनुसूचित जाति प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास है, जिस पर कलेक्टर ने संतोष जाहिर किया । यहां अधीक्षक ने होस्टल में बाउंड्रीबाल, छत की मरम्मत और बोरबेल में कम जलस्तर की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डीपीसी और अधीनस्थ अमले को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

मड़यिादो में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी, ग्रामीणों ने मड़यिादो बस्ती में संकीर्ण मार्ग पर अतिक्रमण हटाने, नालों पर बने स्टाप डेम के गेट लगवाने, वन्य जीवों से फसल को होने वाले नुकसान की समस्या और स्कूलों में संबल योजना से फीस शुल्क में छूट और सूची स्कूलों में चस्पा कराए जाने की मांग की। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, डीपीसी मुकेश कुमार दिवेदी, बीआरसी हरीश चौधरी, आदिम जाति कल्याण विभाग जिला संयोजक संजय साहू, छात्रावास अधीक्षक ओमकार मिश्रा उपस्थित थे।

## लोहड़ी उत्सव परम्परागत ढंग से धूमधाम के साथ मनाया



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह के तत्वावधान में शनिवार की शाम लोहड़ी उत्सव परम्परागत ढंग से धूमधाम के साथ मनाया गया। उत्सव में सभी सदस्यों ने बहुत उत्साह से भाग लिया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर राखी चोपड़ा डिंपल खोसला एवं सपना राजपूत जी ने ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। उत्सव का शुभारंभ सदस्यों द्वारा लोहड़ी जलाकर अग्नि प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ समस्त मानव कल्याण की कामना की गई। लोहड़ी पर्व का प्रचलित गाना सुंदर मुंदरिये हो, तेरा कौन बेचारा, दुल्ला भट्टी वाला गाना गाकर मूंगफली, रेवड़ी, तिल व मक्का के दाने प्रसाद के रूप में सभी को वितरित किए गए। मस्ती उत्साह से पंजाबी भांगड़ा व गिद्दा डांस करके सभी ने परंपरागत रूप से त्योहार मनाया। क्लब अध्यक्ष रोजी बग्गा जी सभी को बधाई देते हुए कहा की लोहड़ी का पर्व खेती किसानी सुख शांति कारोबारों में खुशियली और भाईचारे का त्यौहार है सभी को को बहुत मंगल कामना सचिन रजनी खरे ने ने समस्त पंजाबी समाज को लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई दी और कहा क़ी लोहड़ी प्रेम और उल्लास का पर्व है सभी को मिलजुल कर इसे मानना चाहिए। कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेव ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, 31 दिन तक चलेगा भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के जनपद जबेरा के ग्राम बीजाडोंगरी स्थित संतों की तपोभूमि गंगा झिरिया मैं श्री रामचरितमानस महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा श्री रामचरितमानस प्रवचन माला जैसे 31 दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर आज भव्य कलश यात्रा निकल गई। जिसमें आस्था का सैलाब उमडा कलश यात्रा का शुभारंभ वीजा डोंगरी खेर माता मंदिर श्री राम जानकी मंदिर ग्राम के देवी देवालय मैं पूजा अर्चना ध्वज बंधन देवी देवताओं का आवाहन करते हुए श्री रामचरितमानस महायज्ञ एवं विराट मानस सम्मेलन यज्ञ स्थल पहुंची। भव्य कलश यात्रा का दृश्य दर्शनीय था कलश यात्रा में शामिल 108 कन्याएं सर पर कलश धारण किए चल रही थी। वही पुरुषों की टोलियां श्री राम धुन राम नाम संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। बता दे गंगा झिरिया सिद्ध धाम संतों की तपोस्थली जहां अपने प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का प्रमुख केंद्र होने के चलते प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का अद्भुत संगम है। जहां पर प्रति वर्ष अनुसार इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा में सिद्ध धाम के श्री श्री 108 छोटे महंत श्री राम अनुग्रह दास महाराज के परम शांति में निकाली गई। कलश यात्रा में यज्ञाचार्य सहित महिला पुरुष श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रही। कलश यात्रा की भव्यता एवं दिव्यता का इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है। जहां तक लोगों की नजर पहुंच रही थी भगवा में माहौल में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी । यह भव्य धार्मिक आयोजन एक 13 जनवरी से 14 फरवरी पूरे 31 दिनों तक चलेगा। सिद्ध धाम में यह 26 वां श्री रामचरितमानस विराट महायज्ञ मानस सम्मेलन का आयोजन है जो कि क्षेत्र वासियों ग्राम वासियों के सहयोग से निरंतर परम पूज्य महंत श्री राम अनुग्रह दास जी महाराज की सानिध्य में संपन्न होगा।

## प्रथम आगमन पर किया गया भव्य स्वागत

**तेंदूखेड़ा।** नगर के षिवा लोधी का पीएससी की परीक्षा में पहले वार में सफला हासिल कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद चयन होने के बाद शनिवार को नगर में प्रथम आगमन होने पर सैकेड़ो नगर के गणमान्य नागरिको एव जनप्रनिधियों ने ज्वाला माता के मंदिर पहुंचकर बैंड गाले बाजे एवं वालिकाओ ने कलष रखकर साथ फटाखे फोडकर फूलमालाए फहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके पहले नरगुवां हनुमठ मंदिर में, भौड़ी हुनमान मंदिर में परिजनो एवं मौहल्ले के लोगो पहुंचकर हनुमान जी की दर्षन कर प्रसाद चढाया गया इसके बाद ज्वाला मंदिर एवं राम मंदिर में पहुंचर भी पूजन किया गया। इसके अलावा षिवा के परिजनो ने घर पर आकर वधाई देने बाले आगुंतको की स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। ज्ञात हो कि एमपी पीससी में नगर के षिवासिंह लोधी ने 2019 में एमपी पीएससी की परीक्षा के प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की हैं। पहले ही प्रयास में शिवा लोधी का मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर चयन हुआ हैं। षिवासिंह लोधी नगर के षिक्षक हेमराज सिंह लोधी के पुत्र हैं। जो हमेषा सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते आ रहे है।

# किसानों का डाटा बेचकर बिचौलियों ने की करोड़ों की कमाई

### संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा




**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी दमोह के कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्टरको ज्ञापन सौंपा गया जिसमें संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ.सुजान सिंह जी ने बताया कि दमोह जिले के सभी धान पंजीयन केंद्रों द्वारा किसानों की हजारों एकड़ भूमि के रजिस्ट्रेशन किए गए जिनमें हजारों कुंटल धान भरकर फर्जी किसान बनकर फर्जी तरीके से करोड़ों की कमाई कर रहे हैं जिस किसान की भूमि का रजिस्ट्रेशन हुआ है उन किसानों को दूर-दूर तक जानकारी नहीं है संगठन के केंद्रीय उपप्रचार मंत्री भुज्जी लालजी ने कहा कि पहले भी कलेक्ट्रेट जाकर दिनांक 29/11/2023 को हम सभी ने इन फर्जी रजिस्ट्रेशन की जानकारी जिला खाद्य शाखा प्रबंधक एवं जिला सहकारी मर्यादित केंद्रीय बैंक को भी ज्ञापन सौंपा था लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र पालीवाल जी ने बताया कि दमोह जिले में 35 फ़ीसदी धान के पंजीयन फर्जी है ऑपरेटर और उनके साथ कर्मचारियों ने फर्जी पंजीयन करने का काम किया है हम लोगों ने अपने ज्ञापन में पंजीयन सहित संलग्न किए हैं लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अभी तक इन पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है अगर दमोह कलेक्टर महोदय जी द्वारा इन फर्जी धान रजिस्ट्रेशन करने वालों पर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं होती तो भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी हजारों किसानों के साथ दमोह कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे इसकी पूरी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# पटेरा में रायल कप क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ





### शुभांरभ मैच बांदकपुर ने जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

रायल कप 2024 जिला स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ शनिवार को हाकी ग्राऊण्ड पअरा में हुआ। स्पर्धा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच देवेन्द्र ताम्रकार, महेश ताम्रकार, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पत्रकार नरेन्द्र बजाज, विक्की ताम्रकार, रामेश्वर ताम्रकार, विस्सु सोनी, अभिषेक सोनी, सौरभ ताम्रकार पार्षद, संतोष ताम्रकार, श्याम सुंदर, शिवा रहे। आयोजक सौरभ ताम्रकार सहारा करन ताम्रकार, मनोहर ताम्रकार, संस्कार परिहार, जय सोनी राज ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत कर मैच का शुभारंभ की औपचारिकता पूरी कराई। अतिथियों ने खिलाडियोंसे परिचय लिया। शुभारंभ मैच जमुनिया टांक एवं बांदकपुर के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जमुनिया ने जीता व पहले बेटिंग कर 125 रन बनाये जो बांदकपुर टीम ने दो ओवर पहले ही मैच जीत लियाद्ध आयोजन समिति के शिवा ने बताया कि जिला स्तरीय टर्नामेंट में जिले की नामी गिरामी टीमें भाग ले रही है। इसमें विजेता टीम को 21 हजार रूपये नगद एवं ट्राफी एवं उपविजेता टीम की 11 हजार रूपये नगद व उपविजेता ट्राफी दी जायेगी। रायल टीम के खिलाडी सदस्य सक्रियता से व्यवस्थाओं में जटे रहे।

## अभिलाषा बंसल का सहायक यंत्री के पद पर चयन

**पथरिया।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्टेट इंजीनियरिंग परीक्षा 2021 में सहायक यंत्री (एसडीओं) के पद पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में चयन हुआ। वर्तमान में अभिलाषा मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एवं लाजिस्टिक्स कार्पोरेशन में सब इंजीनियर के पद पर इंदौर में पदस्थ हैं। इस सफलता के लिए अभिलाषा ने अपने माता पिता गनेश प्रसाद शिक्षक,आशा बंसल, भाई कपिल कुमार आर आई नगर निगम भोपाल, अनुराग, चाचा बृजेश,विनीत,परम,लीला बंसल सहित पूरे परिवार व नगर को गौरवान्वित किया है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक लोकसभा विस्तारक ब्रजेश चौरसिया के आतिथ्य और जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें सभी जिला पदाधिकारीयों, मोर्चा अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष और प्रकोष्ठ के संयोजकों को संबोधित करते हुए ब्रजेश चौरसिया ने कहा कि जिस तरह आप सभी कार्यकर्ताओं की अथक परिश्रम से जिले की चारों विधान सभा में जीत हासिल हुई हैं, विरोधी पार्टी के नेताओं ने मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया पर आप सभी की जागरूकता के कारण विरोधी दल सफल नहीं हुआ और आम जनता ने भाजपा पर विश्वास करते हुए जिताया है। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने उद्बोधन में कहा कि लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभा ओ में से चार हमारे जिले की है जिसमे हमारे कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए जिताया है, अब आगामी तैयारियों के लिए पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहें इस पर कार्य करना है साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा और विश्वकर्मा योजना में भी पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का कार्य भी करना है।

**आम सूचना**

**शपथकर्ता भगवानदास पिता नन्नी पटेल निवासी रसीलपुर तहसील हटा जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि पालिसी संख्या 373145574 में मेरा नाम भगवानदास दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संता पटेल पिता नन्नी पटेल अंकित है। यह कि भगवानदास पटेल व संता पटेल दोनो ही मेरे नाम है व दोनो नाम से ही मुझे जाना पहचाना जाता है। अत: दोनो एक ही व्यक्ति मेरे नाम है। यदि इस संबंध में कोई दावा या अपत्ति करता है तो मै जवाबदार रहूंगा।**

**शपथकर्ता - भगवानदास पटेल उर्फ संता पटेल पिता नन्नी पटेल निवासी रसीलपुर**